Important Questions Class 8 Hindi Chapter 8 तनाव

प्रश्न 1. 7-8 अगस्त को बंबई में किस प्रस्ताव पर विचार किया गया?

उत्तर: 7-8 अगस्त, 1942 को बंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने खुली सभा में उस प्रस्ताव पर विचार किया और बहस की जो 'भारत छोड़ो आंदोलन' के नाम से जाना जाता है।

प्रश्न 2. 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव में क्या सुझाव दिए गए थे?

उत्तर: इस प्रस्ताव में अंतरिम सरकार बनाने का सुझाव दिया गया था जिसमें एक मिली-जुली सरकार बने तथा सभी वर्गों के लोगों का प्रतिनिधित्व हो। इसका पहला काम होगा-मित्र-शक्तियों के सहयोग से भारत की सुरक्षा और अपनी सारी हथियारबंद और अहिंसक शक्तियों के साथ बाहरी हमलों को रोकना।

प्रश्न 3. कांग्रेस कमेटी ने क्या कहा?

उत्तर: कांग्रेस कमेटी ने संसार की आजादी के लिए ब्रिटेन और संयुक्त राष्ट्र से अपील की तथा इस बात को स्वीकृति देने का विचार किया गया कि गाँधी जी के नेतृत्व में अहिंसात्मक ढंग से एक जन-आंदोलन शुरू किया जाए। कमेटी कांग्रेस के लिए शक्ति हासिल करना चाहती है। ताकत जब भी आएगी तो वह भारत की सारी जनता की ताकत होगी।

प्रश्न 4. मौलाना आजाद और गाँधी जी ने क्या स्पष्ट किया?

उत्तर: मौलाना आजाद और गाँधी जी ने यह स्पष्ट किया कि उनका अगला कदम होगा-ब्रिटिश सरकार के प्रतिनिधि, वायसराय से मुलाकात करना और संयुक्त राष्ट्र के मुख्याधिकारियों से एक सम्मानपूर्ण समझौते के लिए अपील करना।

https://www.evidyarthi.in/